हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 17 नवंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह आज फरीदाबाद के सूरजकुंड में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शीर्ष नेता इस बैठक में भाग ले रहे हैं। इनमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला , पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता, तथा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शामिल हैं । यह परिषद केंद्र और राज्यों के बीच सहयोगात्मक संवाद के लिए मंच प्रदान करती है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक में राज्य सरकारों के बीच समन्वय, पानी के बंटवारे से जुडे मुद्दों और विकास कार्यों के बारे में चर्चा होने की संभावना है।बैठक के मद्देनजर सुबह 7 बजे से कल रात 10 बजे तक सूरजकुंड की ओर जाने वाले सभी मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित है।

****

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 17 अगस्त को नरवाना क्षेत्र के लिए घोषित की गई करीब 300 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं पर निकट भविष्य में काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इनमें विश्राम गृह के नए भवन का निर्माण कार्य इसी महीने तथा नागरिक अस्पताल के नए भवन का काम भी दिसंबर महीने में शुरू हो जाएगा।

श्री बेदी कल शाम नरवाना में आयोजित सम्मेलन को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत हर घर स्वदेशी- घर-घर स्वदेशी की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई स्वदेशी अपनाओ- देसी बनाओ मुहिम आत्मनिर्भर भारत के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि आमजन जब देश में बनी वस्तुओं के उपयोग को प्राथमिकता देंगे और विदेशी उत्पादो से दूरी बनाएंगे, तो भारत स्वत: स्वावलंबी एवं विकसित राष्ट्र बनेगा।

श्री बेदी ने कहा कि स्वदेशी अपनाना हर नागरिक के लिए लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान से देश में कारोबार और रोजगार बढ़ेगा, जिसका सीधा फायदा भारतीय उद्योग, कारखानेदारों, व्यापारियों तथा शिक्षित एवं बेरोजगार युवाओं को होगा और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है, जिसे साकार करना सभी का दायित्व है।

****

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली ने आज जुलाना में मार्केट कमेटी के नव-निर्वाचित अध्यक्ष मनोज मालवी और उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार के पदभार ग्रहण समारोह में सहभागिता की और उन्हें शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेन्दर सिंह ढुल, योगेश बैरागी सहित अनेक स्थानीय नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।
****
अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र की तरफ से विभिन्न राज्यों के कलाकार लगातार 5 दिसंबर तक अपनी लोक संस्कृति की छठा बिखेरेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह कलाकार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहुंच गए है। उन्होंने बताया कल कलाकारों ने अपने-अपने राज्य की कला का बखूबी बखान किया। कलाकारों का कहना है कि आज के आधुनिक जमाने में भी उन्होंने अपनी कला को जिंदा रखा है और अपनी कला को विदेशों तक पहुंचा रहे है। गीता महोत्सव में पहुंचे कलाकारों का कहना था कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव एक ऐसा जरिया है जहां पर वह पहुंचकर अपनी कला का बखूबी मंचन करते है। कलाकारों ने कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर 5 दिसंबर तक लोगों को अपने-अपने प्रदेशों की लोक कला के साथ जोड़ने का प्रयास करेंगे।
****
दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। आज सुबह 7 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक -एक्यूआई तीन सौ 59 दर्ज किया गया। खराब वायु स्तर को देखते हुए, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तीसरे चरण को लागू कर रखा है।
****
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरित होकर युवाओं को नशे से दूर रहने व फिट रहने का संदेश लेकर साइकिल पर देशभर के भ्रमण पर निकले मधाई पाल का हिसार पहुंचने पर स्वागत किया गया।मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश के सबसे फ़िट व्यक्ति हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरित होकर देश के युवा भी अब अन्य युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करने व फिट रहने का संदेश दे रहे हैं।
****